तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 10.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026



12 गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त ...




12 राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में जीएमएन ...



## खबर संक्षेप

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ी

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 मार्च 2026 कर दी है। यह जानकारी क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने दी। यह तिथि विस्तार सर्टिफिकेट कार्यक्रमों को छोड़कर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों पर लागू होगा। जिन विद्यार्थियों ने पंजीकरण तो कर लिया है, लेकिन अभी तक फीस जमा नहीं की है, उन्हें जल्द प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है।

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के मामले में अंबाला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीआईए-2 की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेश उर्फ रिको निवासी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ पहले भी इसी प्रकार के करीब चार मामले दर्ज हैं। मामले में शिकायतकर्ता विनोद निवासी बलदेव नगर ने शिकायत दी थी कि अज्ञात व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 14,200 रुपये निकाल लिए थे। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### 20 लाख के गहने चोरी मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** शहर में हुई गहने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुकेश उर्फ लल्लू निवासी अंबाला शहर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए गहने और वारदात में प्रयुक्त एक्टिवा बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता शाम लाल निवासी कलाल माजरी ने बताया था कि उसके घर से गहनों की चोरी हुई थी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

### जमीन का गलत इंतकाल करवाने पर दो पर केस

**यमुनानगर।** गांव संधाय निवासी सरोज बाला ने गांव ताहरपुर निवासी दिलशाद व पवन कुमार पर उसकी जमीन का गलत इंतकाल करवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव संधाय निवासी सरोज बाला ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके गांव ताहरपुर में जमीन है। उसे जानकारी मिली थी कि गांव ताहरपुर निवासी दिलशाद व पवन कुमार ने उसकी जमीन का गलत इंतकाल करवा लिया है। उसने जब इस बारे आरोपियों से बात किया तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को अगवा कर लिया। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढौरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 22 वर्षीय लड़की 15 मार्च को शाम चार बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें अपनी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। गांव का सचिन लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

# विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं को तराशने का सशक्त मंच : प्रो. सचदेवा

## 17 से 20 मार्च के बीच फ्री स्टाइल कुश्ती में महिला रेसलर दिखाएंगी अपना दमखम

- खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और उत्कृष्ट खेल वातावरण कराया जाता है उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल परिसर में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फ्री स्टाइल महिला कुश्ती प्रतियोगिता 2025-2026 का बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं को तराशने का एक सशक्त मंच भी है।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं

विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक सुविधाएं, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और उत्कृष्ट खेल वातावरण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना से खेल को खेलने का आह्वान करते हुए कहा कि यह चैंपियनशिप निस्संदेह देश की महिला पहलवानों के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने और नए कीर्तिमान स्थापित करने का सुनहरा अवसर साबित होगी। इस अवसर पर अर्जुन अवार्डी पहलवान राजेंद्र कुंमार ने भी खिलाड़ियों को अपने अनुभव साझा करते हुए प्रेरित किया और उन्हें अनुशासन, मेहनत व समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### खेल निदेशक ने खेलों के क्षेत्र में केयू के स्वर्णिम इतिहास के बारे में विस्तार से बताया

कार्यक्रम में केयू खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए खेलों के क्षेत्र में केयू के स्वर्णिम इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय यह केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि चैंपियनों को गढ़ने की भूमि भी है। वहीं खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार ने सभी आगंतुकों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस भव्य आयोजन का मंच संचालन अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं सुसंगठित ढंग से किया गया, जिसने पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह बनाए रखा। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ. सुशीला, नितिन सहगल, संदीप करोड़ा प्रतियोगिता के संचालक कुलवंत सिंह, सुखबीर सिंह सहित विभाग के सभी कोचेज एवं सहायक स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना अब सहन नहीं किया जाएगा

# अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर ट्रालियां व जेसीबी मशीन पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार को स्थानीय पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रालियों और एक जेसीबी मशीन को जब्त किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि नदी किनारे से बिना अनुमति खनन किया जा रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही चालक मौके से फरार हो गए। अधिकारियों के अनुसार, जब्त किए गए वाहनों का उपयोग रेत और मिट्टी के अवैध उत्खनन में किया जा रहा था, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा था।खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा। साथ ही, इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।



यमुनानगर। मांडेवाला के नजदीक अवैध खनन मामले में पकड़ी गई जेसीबी मशीन पर कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### पकड़े गए वाहन सीज

मौके पर एसडीएम छछरौली रोहित कुमार ने बताया कि ताजेवाला में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा गठित टीम ने अवैध रूप से खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली व एक जेसीबी को गांव मांडेवाला के टाइल फैक्ट्री के पास वाले कच्चे रास्ते से पकड़ा गया और उसको सीज किया गया। उन्होंने बताया कि बेगमपुर में दो ट्रैक्टर ट्राली के पास वैध बिल जैसे कि ई रवाना नहीं होने पर पकड़ कर सीज किया गया।

### ई रवाना बिल के निकलने वाले वाहनों की की जा रही मॉनिटरिंग

यमुनानगर उपायुक्त प्रीति ने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रशासन लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि जिला से निकल रही नदी, नालों के साथ साथ यमुना नदी आदि स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही है ।

### पुलिस और खनन विभाग के अधिकारी दिन रात कर रहे चैकिंग

वहीं नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है और अवैध खनन करने वाले वाहनों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। सरकार के निर्देशानुसार जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं ओवरलोडिड वाहनों को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है।

### मारपीट के आरोपियों का कोर्ट में सरेंडर

- अन्य आरोपियों को भी जल्द काबू कर लिया जाएगा

**पानीपत।** पानीपत के गांव खुखराना में घर में घुसकर तोड़फोड़ व रास्ता रोककर मारपीट करने मामले में आठ आरोपियों कवि गांव निवासी अमित, साहिल, जगत, गांव भंडारी निवासी विवेक, गांव अदियाना निवासी कृष, कुलदीप नगर निवासी अजीत, गंगाराम कॉलोनी निवासी नहीम व हरि नगर निवासी मोमिन ने पानीपत में अदालत में सरेंडर कर दिया। इधर, थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने आरोपियों से वारदात बारे पूछताछ करने, घटना में प्रयुक्त गंडासी, कार, बाइक बरामद करने और फरार इनके साथ आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए आरोपियों को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है। दूसरी ओर, थानेदार विनोद ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम द्वारा उनके संभावित ठीकानों पर दबिश दी जा रही थी।



# नोटिस पर नहीं हटाने पर प्रेम नगर में दो अवैध डेयरियां सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम करनाल के प्रवर्तन दल ने मंगलवार को शहर में अवैध रूप से संचालित डेयरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए प्रेम नगर क्षेत्र में चल रही दो डेयरियों को सील कर दिया। निगम की यह कार्रवाई लंबे समय से मिल रही शिकायतों और बार-बार दिए गए नोटिसों के बावजूद नियमों की अनदेखी किए जाने के चलते की गई। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रेम नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित अनिल चौहान डेयरी और महेंद्र डेयरी को नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 333 के तहत सील किया गया है। उन्होंने बताया कि इन डेयरी संचालकों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर अपनी डेयरियों को पिंगली डेयरी कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद संचालकों ने नियमों का पालन नहीं किया।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला को कुचला

- टक्कर के बाद सड़क पर गिरी महिला को ट्रक ने रौंद दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



नए बस स्टैंड के सामने मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर लगने के बाद महिला सड़क पर गिर गई और ट्रक ने उसे बुरी तरह से कुचल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो। बाइक उसका पोता कुनाल चला रहा था, जोकि बाल बाल बच गया, लेकिन चोटिल हो गया है घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को काबू कर लिया है,लेकिन ट्रक चालक फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कालरम निवासी लगभग 60 वर्षीय महिला अंगूरी मंगलवार को अपने पोते कुनाल के साथ बाइक पर सवार होकर शहर में घरेलू सामान लेने के लिए घरौंडा में आई हुई थी। दादी पोता सामान लेकर दोपहर बाद वापिस बाइक पर सवार होकर अपने गांव वापिस लौट रहे थे तो घरौंडा नए बस स्टैंड के सामने एक ट्रक ने पीछे से बाइक की टक्कर मार दी। जिससे महिला सड़क पर गिर गई और ट्रक ने उसको बुरी तरह से कुचल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## दरबार साहिब में लंगर सेवा के लिए भेजी गई रसद



**करनाल।** सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय लंगर सेवा के लिए करनाल व पानीपत की संगत में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सेवा के तहत कार सेवा करनाल की ओर से लंगर की आवश्यक रसद से भरे तीन ट्रक अमृतसर के लिए रवाना किए गए। बाबा सुखा सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गुरुद्वारा कमेटियों, सिख संगठनों व संगत के सहयोग से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 18 से 20 मार्च तक हजारों श्रद्धालु लंगर बनाने, परोसने व सेवा कार्यों में भाग लेंगे।

## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में पीजी स्कॉलर्स को कुलपति ने दिए सुझाव

# विद्यार्थियों की प्रतिभा और शोध आयुष के विकास की आधारशिला

- पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में द्रव्यगुण विज्ञान विभाग की पीजी स्कॉलर्स डॉ. विपाशा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान पेपर प्रेजेंटेशन और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने फामार्कोविजिलेंस और आयुष औषधियों की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत किए। कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान ने पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा और शोध आयुष के विकास की आधारशिला है। पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में द्रव्यगुण विज्ञान विभाग की पीजी स्कॉलर्स डॉ. विपाशा ने प्रथम,रसशास्त्र एवं भैषज्यकल्पना विभाग की पीजी स्कॉलर्स डॉ. मीनल सिंगल ने द्वितीय तथा उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय की छात्रा डॉ. प्रगति नेगी तृतीय स्थान पर रही। वहीं, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग की द्वितीय वर्ष की पीजी स्कालर्स डॉ. प्राजक्ता चौधरी प्रथम, काय चिकित्सा विभाग की पीजी स्कॉलर डॉ. दिव्या सरदाना दूसरे तथा संहिता एवं सिद्धांत विभाग की प्रथम वर्ष की पीजी स्कॉलर्स डॉ. मंजीता तीसरे स्थान पर रही।



कुरुक्षेत्र। पोस्टरों का अवलोकन करते कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान।

### सोशल मीडिया पर भ्रामक विज्ञापन की मॉनिटरिंग जरूरी: डॉ. प्राजक्ता चौधरी

वहीं, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग की द्वितीय वर्ष की पीजी स्कालर्स डॉ. प्राजक्ता चौधरी ने हर्बल हाइप बनाम हर्बल सेफ्टी मिसलीडिंग ड्रग्स एडवरटाइजमेंट की चुनौती विषय पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से आयुष औषधियों के भ्रामक विज्ञापनों के जरिए लोगों को गुमराह किया जा रहा है। ऐसे मामलों को रोकने के लिए विज्ञापन मॉनिटरिंग, नियामक रिपोर्टिंग और जन-जागरूकता बेहद जरूरी है।

### शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों में शोध की भावना को मजबूत करती: कुलपति प्रो. धीमान

इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों में शोध की भावना को मजबूत करती हैं और उन्हें विषय की गहराई से समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि फामार्कोविजिलेंस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे शोध और प्रस्तुतीकरण आयुष चिकित्सा पद्धति को और अधिक वैज्ञानिक, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं,कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थी भविष्य में भी ऐसे शोध कार्यों और अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें, ताकि आयुष चिकित्सा प्रणाली के विकास और समाज के स्वास्थ्य हित में सार्थक योगदान दिया जा सके।

## मैसेज पर क्लिक करते हैक हो गया मोबाइल

# चालान की एपीके फाइल भेजकर 14.5 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

साइबर ठगों ने व्यासपुर के पंजाबी मोहल्ला निवासी मनीष ग्रोवर के मोबाइल पर चालान की एपीके फाइल भेजकर उसके उसके अकाउंट से साढ़े 14 लाख रुपये निकाल लिए। मनीष द्वारा मैसेज पर क्लिक करते ही उसका मोबाइल हैक हो गया।

काफी देर बाद मोबाइल ऑन होने पर उसके अकाउंट से पैसे निकलने के मैसेज आए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कस्बा व्यासपुर के पंजाबी मोहल्ला निवासी मनीष ग्रोवर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक फरवरी 2025 को वह काम कर रहा था। इस दौरान उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। मैसेज में चालान की एपीके फाइल भेजी हुई थी। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। इस दौरान उसके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अकाउंट से अलग-अलग करके साढे 14 लाख रुपये निकाल लिए गए। काफी समय बाद जब उसका मोबाइल ऑन हुआ तो उसके अकाउंट से पैसे निकलने के मैसेज आए। यह मैसेज देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने बैंक में जाकर अपना खाता बंद करवाया और मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### कृषि मेले में डॉ. दलीप गोसाईं सम्मानित

**करनाल।** राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई), करनाल के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख (कृषि विज्ञान) डॉ. दलीप गोसाईं को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड में आयोजित 119वें कृषि मेले के दौरान सम्मानित किया गया। उन्हें कृषि विस्तार एवं किसानों तक तकनीक पहुंचाने में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए यह सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. गोसाईं के पास 38 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने जलवायु-स्मार्ट कृषि, फसल अवशेष प्रबंधन तथा फसल एवं डेयरी आधारित मिश्रित कृषि प्रणालियों के प्रभाव मूल्यांकन में उल्लेखनीय कार्य किया है।

### नुक्कड़ नाटकों से दिया स्वच्छता का संदेश

**करनाल।** नगरपालिका की ओर से शहर मे चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2026 के तहत शहर के पार्कों में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया,जिसमें लोगो को पानी बचाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ साथ पर्यावरण बचाने का संदेश दिया है। लोगो को शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की।

मंगलवार को शहर के हर्बल पार्क व वीर सावरकर पार्क में नुक्कड़ नाटक किए और लोगो को शहर को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। नपा चेयरमैन ने बताया कि शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लोगो को शहर को स्वच्छ रखने के लिए अलग अलग के कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जा रहा है। नगरपालिका सचिव रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि बुधवार को भी शहर में नुक्कड़ नाटक किए जाएंगे। स्कूलों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### घण्टाकर्ण देवस्थान में आज कृपा दिवस

**करनाल।** करनाल-इन्द्री रोड स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान में मासिक कृपा दिवस (कृष्ण चौदस) के अवसर पर 18 मार्च को विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पीयूष मुनि महाराज एवं महासाध्वी प्रमिला महाराज सहित साधु-साध्वी वृंद के सानिध्य में आयोजित होगा। देवस्थान सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक दर्शनार्थ खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 8:30 बजे तथा सायंकालीन आरती शाम 6 बजे होगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सत्संग व भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद महाआरती संपन्न होगी।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम के अंत में बृहद श्री घण्टाकर्ण स्तोत्र का पाठ होगा। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

# तीन अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी का चला बुलडोजर

**कई एकड़ में फैली कॉलोनियों में सड़कें व डीपीसी ध्वस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ सिविल अस्पताल के दूसरे गेट के बाहर से अतिक्रमण हटवाया

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) करनाल की टीम ने मंगलवार को अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन स्थानों पर तोड़फोड़ अभियान चलाया। यह कार्रवाई अलग-अलग क्षेत्रों में फैली अवैध कॉलोनियों में की गई, जहां प्लॉटिंग कर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार पहली अवैध कॉलोनी लगभग 4.5 एकड़ में घोघड़ीपुर रोड पर विकसित की जा रही थी, जहां 6 डीपीसी और सड़कों को तोड़ दिया गया। दूसरी कॉलोनी करीब 1.28 एकड़ में मंगल कॉलोनी के साथ अनाज मंडी रोड पर पाई गई, जिसमें 8 डीपीसी व सड़कों के निर्माण को ध्वस्त किया गया। तीसरी कॉलोनी करीब 0.7 एकड़ में करनाल-मूनक रोड पर विकसित की जा रही थी, जहां भी सड़कों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में डीटीपी विभाग की टीम के साथ थाना सिटी व थाना सदर की पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। जमीन मालिकों व कॉलोनाइजरों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि उन्होंने अवैध रूप से प्लॉट बेचकर राशि ली है तो उसे वापस करें, अन्यथा उनके खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।



**करनाल।** अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर।

**अतिक्रमण हटाया**

शहर के सिविल अस्पताल के दूसरे मुख्य द्वार के बाहर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। अस्पताल के बाहर लंबे समय से लग रही रेहड़ी-फड़ी और अस्थायी कब्जों को हटाने के लिए निगम की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को खाली करवाना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि अस्पताल के इस गेट के बाहर अव्यवस्थित ढंग से लगने वाले ठेलों और दुकानों के कारण न केवल यातायात प्रभावित हो रहा था, बल्कि मरीजों और तीमारदारों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम की टीम द्वारा अब यहां से सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं, ताकि अस्पताल के मुख्य द्वार पर व्यवस्था बहाल की जा सके और आवागमन सुचारु हो। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कल्पना चावला जयंती पर सर्व कल्याण मंच ने दी श्रद्धांजलि




**करनाल।** अंतरिक्ष परी कल्पना चावला की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते रणदीप सिंह व अन्य।

■ युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की जयंती के अवसर पर सर्व कल्याण मंच करनाल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के जिलाध्यक्ष रणदीप सिंह ने की।

इस अवसर पर मंच से जुड़े दिनेश आर्य, गुलशन राणा, बंसी फौजी, कोच रामेश्वर, विजय राणा, कोच शिवा और सोहन लाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। सभी ने कल्पना चावला को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रणदीप सिंह ने कहा कि कल्पना चावला केवल एक नाम नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों की उड़ान हैं। उन्होंने अपने परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध किया कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की इस बेटी ने अंतरिक्ष में पहुंचकर देश का नाम रोशन किया और उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

# महिलाएं बन रहीं समाज और देश की मजबूत आधारशिला : चौहान

■ नारी शक्ति महिला फेडरेशन की आम सभा में आत्मनिर्भरता पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नारी शक्ति महिला क्लस्टर फेडरेशन समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन रविदास मंदिर नीलोखेड़ी में किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने कहा कि आज की नारी केवल घर के कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाते हुए समाज और देश के विकास की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने 15 हजार महिलाओं के इस फेडरेशन से आह्वान किया कि वे ऐसा कार्य करें जिससे नीलोखेड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले।

डॉ. चौहान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, डिजिटल साक्षरता अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों से महिलाएं गांव और समाज की तस्वीर बदल सकती हैं।

कार्यक्रम में जल जीवन मिशन से नेहा (जिला सलाहकार), कुलभूषण (एफएलसी घरौंडा) तथा हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से रेनू (खंड कार्यक्रम प्रबंधक), सतीश कुमार व अनु (डीईओ) उपस्थित रहे।



## कुरुक्षेत्र में वितरित किए 3787 गैस कनेक्शन

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत कुरुक्षेत्र जिला में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तरफ से 3787 गैस कनेक्शन जारी किए जा चुके है। इस योजना के तहत बकाया गैस कनेक्शन का 31 मार्च 2026 तक भौतिक सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस जिला के सेल्स ऑफिसर, इंडेन, भारत गैस व एच.पी. गैस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि योजना के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रशासन का सहयोग करे। इसके साथ ही इस जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत कुल 3787 गैस कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

# विस अध्यक्ष की माता के निधन पर शोक जताने पहुंचे नेता

**परिवार को बंधाया ढांढस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की माता श्रीमती प्रेम कौर के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए मंगलवार को उनके निवास स्थान पर नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों का तांता लगा रहा। विधानसभा सत्र के चलते हरविंदर कल्याण सदन की कार्यवाही में व्यस्त रहे, लेकिन इसके बावजूद उनके आवास पर शोक संवेदनाएं प्रकट करने वालों का लगातार आना-जाना लगा रहा।

शोक प्रकट करने वालों में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, ओम प्रकाश धनखड़, बिसम्बर वाल्मीकि, विधायक मोहम्मद इलियास, पूर्व विधायक राव दान सिंह, पूर्व सांसद सुधा यादव, पूर्व भाजपा प्रदेश महामंत्री वेदपाल, राज्यसभा उम्मीदवार सतीश नांदल, हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह सहित कई प्रमुख नेता शामिल रहे। इसके अलावा उद्योगपति शम्मी बंसल, जिला परिषद पानीपत की चेयरमैन ज्योति शर्मा और पूर्व चेयरमैन संजय मेहला सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्वर्गीय प्रेम कौर को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को सांत्वना दी।



**राव ने क्रॉस वोटिंग पर जताई नाराजगी**

**करनाल।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने करनाल जिले के कुटेल स्थित निवास पर पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने राज्यसभा चुनाव को लेकर कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान का पालन जरूरी है। यदि संविधान से हटकर कार्य होगा तो यह देश के लिए ठीक नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं और कांग्रेस के 37 विधायक होने के बावजूद क्रॉस वोटिंग करवाई गई।

# कला सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यमः सचदेवा

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा आयोजित 30वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय परिसर स्थित कला दीर्घा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उनके साथ विभागाध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह तथा आयोजन संयोजिका डॉ. मोनिका गुप्ता भी उपस्थित रहीं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की एक प्रभावशाली शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी रचनात्मकता का उपयोग सामाजिक संवाद, सांस्कृतिक समझ और व्यक्तिगत विकास के लिए करें। उन्होंने युवा कलाकारों के कार्यों की सराहना करते हुए उनमें तकनीकी दक्षता और गहन आत्मचिंतन के सुंदर समन्वय को रेखांकित किया। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि समर्पण, नवाचार और निरंतर अभ्यास से विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने नवोदित कलाकारों से बड़े सपने देखने और अपनी रचनात्मक सीमाओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## युवक से लूट, मोबाइल-नकदी और अंगूठी छीनी

**करनाल।** करनाल में मेरठ रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास देर रात एक युवक से लूट की वारदात सामने आई है। दो अज्ञात युवकों ने युवक पर हमला कर उसका मोबाइल, सोने की अंगूठी और नकदी छीन ली।

पीड़ित तरुण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मार्च की रात करीब 10:30 बजे वह मेरठ रोड पर मंदिर के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान पीछे से आए दो युवकों ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट करते हुए उसका सामान छीन लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी उसका ओप्पो ए-5एस मोबाइल, करीब 5 ग्राम की सोने की अंगूठी और लगभग 12 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद आरोपी नमस्ते चौक की ओर भाग निकले।

# प्रिंटिंग इंडस्ट्री में स्वरोजगार की ओर बढ़ें विद्यार्थी : वीरेन्द्र

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा दो दिवसीय प्रिंटर्स डे राष्ट्रीय संगोष्ठी फ्यूचरिस्टिक ट्रेंड्स इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग विषय पर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र सिंह पाल ने कहा कि प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग इंडस्ट्री ने विश्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यूरोप में पुनर्जागरण के प्रसार में प्रिंटिंग की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र स्वरोजगार की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर बढ़ते हुए स्वयं के साथ दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने स्वागत भाषण में कहा कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रिंटिंग इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करना है। उन्होंने कहा कि आज का समय एआई आधारित प्रतिस्पर्धा का है, ऐसे में विद्यार्थियों को तकनीकी व व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना आवश्यक है। एनईपी-2020 के तहत पाठ्यक्रमों को उद्योग की जरूरतों के अनुसार अपडेट किया गया है तथा विभिन्न प्रिंटिंग कंपनियों के साथ एमओयू के माध्यम से प्लेसमेंट के अवसर बढ़े हैं।

## न्यूज डायरी

### शहर की सुख-शांति के लिए की कामना



**तरावड़ी।** मां ज्वाला जी के दरबार शहर के उद्योगपति और समाजसेवी।

**तरावड़ी।** नगर के प्रमुख उद्योगपति धार्मिक स्थल मां ज्वाला जी के दरबार में पहुंचे, जहां उन्होंने चावल व्यापार की उन्नति और शहर की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। उद्योगपतियों के इस धार्मिक दौरे का उद्देश्य व्यापार में निरंतर प्रगति के साथ-साथ समाज में आपसी सद्भाव और शांति की कामना करना था। जानकारी के अनुसार उद्योगपतियों का एक प्रतिनिधिमंडल सुबह श्रद्धा और भक्ति के साथ मंदिर पहुंचा। जिसमें मुख्य रूप से 521 फूडस प्रोडक्ट के सीएमडी पंकज गोयल, गैलेक्सी बासमती चावल के निर्माता विजय गोयल, बीडी ओवरसीज के सीएमडी प्रवीण गर्ग, आल इंडिया राइस एक्सपोर्ट यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंगला, उद्योगपति संजय गुप्ता समेत अन्य कई उद्योगपति शामिल थे। वहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मां ज्वाला जी का आशीर्वाद लिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि मां ज्वाला जी की कृपा से क्षेत्र में व्यापार लगातार बढ़ रहा है और आने वाले समय में भी इसी तरह समृद्धि बनी रहे, इसके लिए उन्होंने प्रार्थना की। उद्योगपतियों ने बताया कि चावल व्यापार इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार है। इस व्यापार से न केवल हजारों लोगों को रोजगार मिलता है, बल्कि किसानों और व्यापारियों दोनों को लाभ होता है। इसलिए उन्होंने मां ज्वाला जी से प्रार्थना की कि व्यापार में स्थिरता और प्रगति बनी रहे, जिससे पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस अवसर पर उद्योगपतियों ने शहर की सुख-शांति, सामाजिक एकता और लोगों की खुशहाली के लिए भी कामना की। उन्होंने कहा कि जब शहर में शांति और भाईचारा बना रहता है, तभी व्यापार और विकास भी सही दिशा में आगे बढ़ते हैं।

### भद्रकाली मंदिर से आज निकलेगी शोभायात्रा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में नवरात्रि महोत्सव 18 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 19 मार्च से 26 मार्च तक नवरात्रि पर्व होगा। इस महोत्सव का शुभारंभ महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम घोष व बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक बडौली करेंगे। महोत्सव में विशेष तौर पर 18 मार्च, बुधवार को हरियाणा की सबसे बड़ी शोभायात्रा निकलेगी, जो दोपहर 1 बजे माँ भद्रकाली शक्तिपीठ से ज्योति रथ के साथ संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए सांय 6 बजे पुनः मंदिर में प्रतिस्थापित होगी व 19 मार्च, वीरवार को प्रथम नवरात्रि के अवसर पर हिंदू नववर्ष अभिनंदन महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसमें हरियाणा सरकार के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा शिरकत करेंगे। आनंद महोत्सव के स्वागत में मंदिर परिसर को दिव्य स्वरूप देने के लिए सजावट का कार्य पूरे उत्साह के साथ जारी है। हर वर्ष की तरह इस बार भी माँ भद्रकाली के दरबार को पुष्पों से अलंकृत किया जा रहा है। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि मुख्य द्वार, प्रांगण और गर्भगृह को रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक तोरण द्वार तथा पारंपरिक और आधुनिक साज-सज्जा से सजाया जाएगा। बुजुर्ग व गोद में बच्चा लिए हुए श्रद्धालुओं को माँ भद्रकाली के सुलभ एवं शीघ्र दर्शन कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। दर्शन के लिए व्यवस्थित कतारों की योजना बनाई गई है, जिससे भक्तजन सहज और शीघ्रता से माँ के दर्शन कर सकें। श्रद्धालुओं के लिए लाइन एवं प्रतीक्षा स्थल पर कूलर, पंखों व टीवी पर दर्शनों की उचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की उत्तम व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा तथा प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

## महाविद्यालय में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना पर व्याख्यान आयोजित

# शिक्षा ऋण की शर्तों व सुविधाओं की दी जानकारी

■ प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ बैंक मैनेजर शिवकुमार ने शिरकत की।

मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना की शर्तों, ब्याज दर, आवश्यक दस्तावेजों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना मेधावी छात्रों के लिए एक केंद्रीय शिक्षा ऋण योजना है, जिसके तहत बिना किसी जमानत या गारंटर के 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है। साथ ही 8 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को 3 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी का लाभ मिलता है। उन्होंने बैंक की विभिन्न लोन सुविधाओं के बारे में भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल गर्ग ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रोफेसर कवरजीत मालिक, डॉ. जय प्रकाश, प्रोफेसर मनीषा, प्रोफेसर नीलम, प्रोफेसर सुनील कुमार एवं प्रोफेसर वैशाली उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. ममता एवं डॉ. सरोज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रतिभागियों का मूल्यांकन रचनात्मकता, भाषा शैली एवं विषय की समझ के आधार पर किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तमन्ना चहल (एमए इंग्लिश प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान पूरीता कपूर (बीए द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से पर्नब ग्रोवर (बीए द्वितीय वर्ष) एवं कंवर सिंह (बीकॉम फाइनल ईयर) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सी.एस. ग्रोवर, डॉ. विनिता, सुश्री बिंदु, संजय, त्रिलोक एवं सुश्री रेखा का विशेष योगदान रहा। अंत में प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी एवं संयोजिका डॉ. किरण दलाल ने विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उनकी रचनात्मकता को निखारने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी सजग बनाती हैं।



**लेखन प्रतियोगिता**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की लेखन क्षमता के विकास एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा, मानव जीवन का मूल्य, जिम्मेदार नागरिकता तथा यातायात नियमों के महत्व जैसे विषय प्रमुख रूप से उभरकर सामने आए।

### गोशाला को सहायता राशि मिलने पर जताया आभार

**तरावड़ी।** श्री मनोकामना सिद्ध वृंदावन धाम गौशाला को गोवंश के पालन-पोषण एवं देखभाल के लिए सरकार की ओर से तीन माह की 5,16,425 की सहायता राशि एक सादे लेकिन गरिमामय कार्यक्रम में प्रदान की गई। यह राशि गौशाला के संरक्षक महेन्द्र गर्ग तथा प्रधान गौरव गर्ग को सौंपी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ सरकार के इस कदम का स्वागत किया। महेंद्र गर्ग और गौरव गर्ग ने संयुक्त रूप से सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली आर्थिक सहायता से गौशालाओं में रह रहे गोवंश के लिए चारे, पानी, दवाई और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था बेहतर ढंग से हो पाती है। सरकार केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं दे रही, बल्कि समय-समय पर मार्गदर्शन देकर गौशालाओं के संचालन को सुदृढ़ बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## खबर संक्षेप

### इनेलो रैली का प्रचार किया

**पानीपत।** इनेलो के प्रदेश महासचिव एवं पानीपत जिला प्रभारी प्रदीप गिल ने कहा कि पार्टी की शहीदी दिवस पर 23 मार्च को नरवाना में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। गिल ने रैली के प्रचार को तहसील कैंप में इनेलो नेता प्रवीन तोमर द्वारा आयोजित नुक्कड सभा को संबोधित कर युवाओं से रैली को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर राजेंद्र जागलान, कृष्ण भौक्कर, कपिल बुद्धिराजा, शमशेर देशवाल, सतबीर अलुपुर, सुरेश, राजेश धीमान, डा. हरिराम सैनी, कमल तोमर, कुलदीप मान आदि उपस्थित रहे।

### लकड़ी में बनने लगे खाद्य पदार्थ

**पानीपत।** एलपीजी गैस की बढ़ती किल्लत के बीच हलवाइयों ने खाद्य पदार्थों बनाने में लकड़ियों व कोयल का प्रयोग शुरू कर दिया है। इधर, एलपीजी गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी है। वेबसाइट ठीक से काम नहीं करने के चलते उपभोक्ताओं को ऑन लाइन गैस बुकिंग करने में भी परेशानी हो रही है। दूसरी ओर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को फिर दावा किया कि पानीपत जिला में एलपीजी गैस की कमी नहीं है, बुकिंग पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिल रहे है।

### श्रमिकों को नशे के दुष्प्रभाव की दी जानकारी

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने मंगलवार को बलाना गांव के आसपास स्थित विभिन्न फैक्ट्रियों में जाकर श्रमिकों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने इस दौरान नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से बताया। पुलिस टीम ने कहा कि नशा शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल देता है, इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी रोकना चाहिए।

### इग्नू में 30 तक होगे दाखिले

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जनवरी 2026 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 मार्च 2026 कर दिया है। यह जानकारी इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने दी। डॉ. धर्मपाल ने बताया कि यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोडकर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं।

### कृषि मेला हिसार में 23 से

**पानीपत।** किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 23-24 मार्च को दो दिवसीय कृषि मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला किसानों के लिए नई तकनीकों, उन्नत बीजों और वैज्ञानिक खेती के तरीकों को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि तकनीक और विज्ञान आधारित खेती के उपायों से अवगत कराना है, ताकि वे अपनी पैदावार और आय दोनों में वृद्धि कर सकें।

### वामपंथियों ने बैठक की

**पानीपत।** शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव शहीदी दिवस को साम्राज्यवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन, संयुक्त किसान मोर्चा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन सीटू, एटक, अखिल भारतीय किसान सभा, हरियाणा किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पदाधिकारी ने बैठक कर संयुक्त कार्यक्रम करने का निर्णय लिया।

## युवा स्वयंसेवकों को तनावमुक्त जीवन जीने के तरीके सिखाए

# इंसान के सफल जीवन का पैमाना नहीं है धनवान होनाः डॉ. अरोड़ा

चरित्रवान बन कर देश, समाज, मानवता की सेवा करने वाला ही सफल इंसान बनता है



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में एनएसएस के कैंप में अतिथियों का स्वागत करते हुए टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन विभिन्न विषय के विशेषज्ञों ने स्वयं सेवक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व मैनेजर रोशन लाल सचदेवा ने 'तनाव प्रबंधन' पर व्याख्यान देते हुए युवा स्वयंसेवकों को तनावमुक्त जीवन जीने के तरीके और सलीके सिखाए। इधर, डॉ. नीलम आर्य वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, फॉरेंसिक विभाग मधुबन करनाल ने कहा कि लिंग अनुकूल वातावरण का अभाव ही देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का मुख्य कारण है। फॉरेंसिक साइंस अपराध से जुड़ा विज्ञान है और इसमें अपराध का पता लगाने के लिए शरीर के तरल पदार्थो की जांच की जाती है। फॉरेंसिक रिपोर्ट को अदालत भी अहम साक्ष्य मानती है। देश-विदेश में बढ़ रही आतंकी घटनाओ और अपराधों ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग बढ़ा दी है इस साइंस का जानकार अपराध से जुड़े लोगों को पकड़वाने में काफी मददगार होता है। दूसरी ओर, बलवान शर्मा ने कहा कि योग केवल एक विषय नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन शैली है। यह न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को भी शांति और संतुलन प्रदान करता है। "पहला सुख निरोगी काया" की भावना को साकार करते हुए योग हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है।

### मौके पर ये मौजूद रहे

प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार के कैंपो से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास में तो वृद्धि होती ही है साथ ही उनके मन में देश और समाज को समझने और बदलने का जज्बा भी पैदा होता है। वे सृजनात्मक और रचनात्मक सामाजिक कार्यों में खुद को प्रवृत्त कर सके, स्वयं तथा समुदाय के ज्ञान में वृद्धि कर सके, समस्याओं को हल करने में स्वयं की प्रतिभा का व्यावहारिक उपयोग कर सके, यही इस कैंप का उद्देश्य है। उन्होंने साफ किया कि धनवान होना ही इंसान के जीवन की सफलता नहीं होती। उन्होंने कहा कि चरित्रवान बन कर देश, समाज, मानवता की सेवा करने वाला ही सफल इंसान बनता है। इस अवसरी पर डॉ. राकेश गर्ग, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. मुकेश पुनिया, डॉ. राकेश गर्ग, डॉ. पवन कुमार, डॉ. दीपिका अरोड़ा, प्रो. मनोज कुमार, प्रो आशीष गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## किसानों की हर समस्या का हल होगाः डॉ. वीरेंद्र

# थर्मल से पानी रिसाव से भूमि के बंजर होने की जांच की

- संबंधित अधिकारियों को इस मामले में शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, किसान रविंदर के खेतों का निरीक्षण करते हुए।

हरियाणा विधानसभा की पिटीशन कमेटी में मुआवजे की मांग को लेकर दायर याचिका पर संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को गांव आसन कलां निवासी किसान रविंदर के खेत का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को इस मामले में शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इधर, डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि किसान की खेत संबंधी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करना हमारी जिम्मेदारी है। आसन कलां में थर्मल के पानी से फसलों के हुए नुकसान का हमने मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस पर तुरंत संज्ञान लें और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। किसी भी किसान को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा और जल्द ही इस समस्या का ठोस समाधान निकाला जाएगा। गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा की पिटीशन कमेटी में किसान रविंदर कुमार द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर याचिका दायर की गई है। इसको लेकर प्रशासन ने कमेटी का गठन किया था। रविंद्र का दावा है कि थर्मल प्लांट के पानी लीकेज की वजह से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही खेतों में भूमि जलस्तर बढ़ जाने से कई स्थानों पर जमीन अकड़ (बंजर) हो गई है और खेती करना संभव नहीं रह गया। इस अवसर पर एसडीएम इसराना नवदीप नैन, डीआरओ कनब लाकड़ा, तहसीलदार वीरेंद्र गिल, डीडीए कृषि विभाग डॉ. परवीन गुलिया, थर्मल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### शिक्षकों ने साक्षरता बढ़ाने को घरों के दरवाजे खटखटाए



**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से ही विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने को स्कूल स्टाफ ने गांव के हर घर में दस्तक देनी शुरू कर दी है। वहीं, प्राचार्य ओम सिंह राणा ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए अपने विद्यालय की उपलब्धियों और सरकारी स्कूलों की सुविधाओं के बारे प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसके तहत विद्यालय में तकनीक से परिपूर्ण कक्षा कक्ष के साथ साथ मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कम खर्च में बेहतर शिक्षा देते हुए सरकारी स्कूल में छात्रों का चहुंमुखी विकास किया जाता है। डोर टू डोर अभियान के तहत टीचर दीपिका धवन, प्रदीप मलिक, उमेद सिंह, अंजलि शर्मा आदि शामिल रहे और उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का राजकीय स्कूल में दाखिला कराने की अपील की।

# सांसद निर्वाचित होने पर संजय को बधाई देने वालों का तांता

- लड्डू बांट कर सभी साथियों का मुंह मीठा करा कर खुशी मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** नवनिर्वाचित सांसद संजय भाटिया को बधाई देते हुए भाजपा प्रवक्ता वेद पाराशर आदि। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा का हरियाणा से सांसद निर्वाचित होने पर संजय भाटिया को बधाई देने वालों का तांता लगा है। भाजपा नेता व कार्यकर्ता उन्हें दूसरी बार सांसद बनने पर मिठाई खिला कर बधाई दे रहे है। दूसरी ओर, भाजपा के जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की माता के निधन के शोक के चलते संजय के सांसद बनने का भाजपा जश्न नहीं मना रही है। दूसरी ओर, कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के नेशनल कोऑर्डिनेटर कर्मवीर सिंह बौद्ध को हरियाणा से राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई देते हुए पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग जिला पानीपत ने लड्डू बांट कर सभी साथियों का मुंह मीठा करा कर खुशी मनाई। इस अवसर पर अनुसूचित जाति विभाग जिला पानीपत शहर के जिला अध्यक्ष नरेंद्र भिवान, नरेश अत्री, इस्लाम अली अंसारी, धर्मपाल सिंघल, रोहतास देहरान, पानीपत बार के प्रधान सुरेंद्र दुहनप, बलेश, करण पाल, सुरेंद्र कादियान, अमित कादियान मौजूद रहे।

# यज्ञ से शुद्ध होता है वातावरणः डॉ. सिंह

- कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा के जयकारों और मंत्रोच्चारण के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** आईबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह यज्ञ में आहुति डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज में मंगलवार को संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग द्वारा हवन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा के जयकारों और मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। संस्कृत विभाग की सहायक प्रो सोनिया ने पूरी विधि विधान के साथ इस हवन का शुभारम्भ मंत्रों उच्चारण के द्वारा किया। जबकि प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने यजमान की जिम्मेदारी निभाते हुए कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा, ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक है। यज्ञ, हमारे महाविद्यालय को नई उंचाई तक ले जाने की प्रेरणा दे और हम सभी मिलकर शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने बताया कि हवन में काम में ली जाने वाली जड़ी बूटी युक्त हवन सामग्री, शुद्ध घी, पवित्र वृक्षों की लकड़ियां, कपूर आदि के जलने से उत्पन्न अग्नि और धुएं से वातावरण शुद्ध तो होता ही है,नकारात्मक शक्तियां भी दूर भागती है। संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता ने बताया की वायु प्रदूषण को कम करने के लिए भी ऋषि मुनि लोग यज्ञ किया करते थे और तब हमारे देश में कई तरह के रोग नहीं होते थे। हवन के उपरांत सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं, यज्ञ में डॉ. राजेश कुमार, प्रो. विनय भारती, दीप्ति जुनेजा, डॉ. नीतू, टिंकू, संगीता, श्री गणेश, संगीता, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र में वितरित किए 3787 गैस कनेक्शन

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत कुरुक्षेत्र जिला में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तरफ से 3787 गैस कनेक्शन जारी किए जा चुके है। इस योजना के तहत बकाया गैस कनेक्शन का 31 मार्च 2026 तक भौतिक सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस जिला के सेल्स ऑफिसर, इंडेन, भारत गैस व एच.पी. गैस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि योजना के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रशासन का सहयोग करे। इसके साथ ही इस जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के तहत कुल 3787 गैस कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

### उपभोक्ताओं को नियमित रूप से मिल रहा सिलेंडर : डीसी

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र जिले में आवश्यक सेवाओं वाले संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएंगे। इन कॉमिर्शियल एलपीजी सिलेंडर का वितरण जिला स्तरीय कमेटी की अनुशंसा के बाद ही किया जाएगा। इस जिले में घरेलू गैस की कोई दिक्कत नहीं है और पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रदेश सरकार द्वारा कमर्शियल गैस के वितरण और स्टॉक की उपलब्धता को लेकर जिला स्तरीय कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला खाद्य एवं नियंत्रक नरेश कुमार के साथ-साथ ऑयल मार्केटिंग कम्पनी के अधिकारियों से कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के स्टॉक और मांग को लेकर फीडबैक ली। इसके साथ ही सरकार के आदेशानुसार बेटी के विवाह के साथ साथ बेटे के विवाह के लिए वितरित किए जाने वाले सिलेंडरों के आवेदनों पर भी चर्चा की है।

# सुख-समृद्धि की ओर ले जाती है सत्य की राह : स्वामी


**पानीपत।** स्वामी दयानंद सरस्वती सत्संग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री संत द्वारा हरि मंदिर, निकट सेठी चौक में नव विक्रमी संवत 2083 के उपलक्ष्य में स्वामी दयानन्द सरस्वती, मुरथल वाले की अध्यक्षता में चार दिवसीय संत समागम कार्यक्रम के दूसरे दिन महाराजश्री ने प्रवचन करते हुए कहा कि हर नागरिक को सत्य की राह पर चलते हुए मानवता की सेवा करनी चाहिए। वहीं, सत्य की राह कठिन जरूर है, साथ ही लंबें समय सुख देने वाली होती है। इस अवसर पर ब्रह्मर्षि श्रीनाथ जी महाराज, लेखराज जताना, प्रधान रमेश चुघ, हरनाम चुघ, उत्तम आहूजा, ईश्वर लाल रामदेव, किशोर रामदेव, दर्शन रामदेव, अमन रामदेव, धर्मवीर नन्दवानी, ओमी चुघ, मोहन लाल जुनेजा, कर्म सिंह रामदेव, गोल्डी बांगा, अमर वधवा, सुरेन्द्र जुनेजा, हरनारायण जुनेजा, श्याम लाल सपड़ा आदि उपस्थित थे।

## आपदा ड्रिल में पानीपत प्रशासन, एनएफएल, थर्मल दमकल ने भी भाग लिया

# पानीपत रिफाइनरी में ऑन-साइट आपदा ड्रिल

*हर स्थिति से निपटने का अभ्यास किया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** रिफाइनरी में ऑन-साइट सह ऑफ साइट आपदा ड्रिल के अभ्यास का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के पीटीए प्लांट में मंगलवार को ऑनसाइट सह-ऑफसाइट आपदा राहत पूर्वाभ्यास ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ड्रिल के परिदृश्य में एक्सचेंजर फ्लेंज से असेटिक ऐसिड का रिसाव को दर्शाया गया। रिसाव का पता आज सुबह 10.46 बजे चला और इसे नियंत्रित करने के प्रयास किए गए। फायर अलार्म बजते ही दमकल गाड़ियां साइट पर पहुंची और गैस के रिसाव को रोकने के लिए श्वास यंत्र पहन कर वाटर स्प्रे हवा की दिशा में लगाए गए। घटना स्थल के पास सड़क पर सभी यातायात को रोक दिया गया और आस-पास के लोगों को सतर्क करने के लिए घोषणा की गई। इस रिसाव से सुचारू रूप से नियंत्रण पाने के लिए आपसी सहायता भागीदारों को भी सहायता के लिए बुलाया गया। चारदीवारी के पास गांव से करीबन 120 लोगों को निकालकर पुनर्वास केंद्र में पहुंचाया गया। पानीपत जिला प्रशासन द्वारा इस ड्रिल में कनब लाकरा, जिला राजस्व अधिकारी एवं विनीत कादियान, जिला परियोजना अधिकारी आपदा प्रबंधन में भाग लिया। इसके अलावा पानीपत जिला फायर सर्विस, एनएफएल की फायर सर्विस, पीटीपीएस की फायर सर्विस ने अपना फायर टेंडर व अधिकारियों के साथ एक-एक टीम के साथ इस अभ्यास मे भाग लिया। सिविल हॉस्पिटल जिला पानीपत द्वारा एंबुलेंस व अधिकारियों के साथ उनकी टीम ने समय पर पहुंच कर आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की। पानीपत रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एमएल डहरिया ने जिला प्रशासन को बताया कि पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की एक व्यापक आपातकालीन बचाव तैयारी योजना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुर्घटना की स्थिति में सार्वजनिक जीवन, आस-पास के पर्यावरण, रिफाइनरी कर्मचारियों और संपत्तियों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होने जिला प्रशासन के सहयोग की सराहना की।

### महाभोज श्रृंगार किया

**पानीपत।** श्री कैलाशी सेवा समिति द्वारा बाबा महाकाल के शिव पार्वती जी के कैलाश आगमन पर महाभोज श्रृंगार का आयोजन श्री देवी मंदिर सतसंग भवन में आयोजित किया गया। बाबा महाकाल एवं मां पार्वती का श्रृंगार, अत्यंत शोभायमान हो रहा था। वहीं उज्जैन से विशेष रुप से आए महामंडलेश्वर द्वारा शुभारंभ जोत प्रचंड कर किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर संजय, अमित, ललित, प्रदीप तायल, नरेश सैनी, संदीप तायल, अंकित तायल, अनु, लवली, धीरज, हरि ओम, दिनेश, हिमांशु, जगदीश बतरा उपस्थित रहे।

### शेक्सपियर्स ट्रेजेडीज पर चर्चा

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से एमए प्रथम वर्ष अंग्रेजी के विद्यार्थियों के लिए शेक्सपियर्स ट्रेजेडीज पर सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। इस सामूहिक चर्चा का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. नीलम, प्रो. दीप्ति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बार काउंसिल चुनाव कल चार मतदान केंद्र बनाए गए

**अंबाला।** पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव 18 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। जिले में चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए कुल चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से तीन केंद्र अंबाला शहर में तथा एक मतदान केंद्र नारायणगढ़ में स्थापित किया गया है। प्रशासन ने चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिकारियों के अनुसार मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### साइबर सुरक्षा पर सेना को दिया प्रशिक्षण

**अंबाला।** डिजिटल दौर में बढ़ते साइबर अपराधों के बीच अंबाला साइबर पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए मिलिट्री पुलिस सेंटर में भारतीय सेना के जवानों के लिए साइबर तकनीकी जानकारी पर विशेष सत्र आयोजित किया। इस दौरान पीएसआई रवि कुमार व उनकी टीम ने जवानों को साइबर अपराध के नए तरीकों, फिशिंग, डेटा सुरक्षा और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सैन्य कर्मियों को डिजिटल फ्रॉड से बचाव और आधुनिक साइबर खतरों के प्रति जागरूक करना रहा।

### सूखे पेड़ों की नीलामी 18 मार्च को

**अंबाला।** उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय परिसर में खड़े सूखे पेड़ों की नीलामी 18 मार्च को की जाएगी। नीलामी दोपहर 2 बजे कृषि सदन, कोर्ट के निकट अंबाला शहर में आयोजित होगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। नीलामी की शर्तें मौके पर बताई जाएंगी और कमेटी को नीलामी रद्द करने का अधिकार होगा।

### खेत से बिजली मोटर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव सैंथली खेत से बिजली मोटर चोरी होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सैंथली निवासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से बिजली मोटर को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह खेत में पहुचा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने महेंद्र की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बनभौरी में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी में वैदिक भूमि फाउंडेशन बनभौरी धाम द्वारा ब्रह्मचारी महाराज के मंगल वार्षिक महोत्सव के अवसर पर 19 मार्च को दिव्य संत समागम एवं विशाल भंडारा जय माता शिक्षण संस्थान बनभौरी में आयोजित किया जाएगा। वैदिक भूमि फाउंडेशन बनभौरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि 19 मार्च को दिव्य संत समागम के अलावा सुबह 11 बजे से सायं पांच बजे तक विशाल निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रहेगा।

### डीसी ने गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त रहें एजेंसियां: उपायुक्त

***गैस की आपूर्ति लगातार जारी है और उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सिलेंडर मिलते रहेंगे: अजय सिंह तोमर***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कैम्प कार्यालय में जिला खाद्य आपूर्ति विभाग और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी सूरत में गैस की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी एजेंसियां प्रशासन का सहयोग करते हुए उपभोक्ताओं को नियमानुसार सिलेंडर उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस की आपूर्ति लगातार जारी है और उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सिलेंडर मिलते रहेंगे। डीएफएससी ने जानकारी दी कि शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल में गैस रिफिल का प्रावधान है। उपायुक्त ने उपभोक्ताओं से समयबद्ध ऑनलाइन बुकिंग करने की अपील की। उपायुक्त ने अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, स्कूलों व हॉस्टलों में गैस आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए और संबंधित संस्थानों से आवश्यकता की सूची उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने वैकल्पिक ऊर्जा जैसे सोलर कुकर और इंडक्शन चूल्हों के उपयोग को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान एसडीएम समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



अंबाला। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त।

## हरियाणा में एलपीजी संकट पर अनिका ने किया सरकार पर हमला



**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की राज्य सचिव एवं ओएसडी एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने प्रदेश में बढ़ते एलपीजी गैस संकट को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण पूरे प्रदेश में रसोई गैस की भारी किल्लत पैदा हो गई है, जिससे आम जनता, खासकर कामकाजी महिलाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कई शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस एजेंसियों पर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं, लेकिन इसके बावजूद लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। घंटों इंतजार करने के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा, जिससे लोगों में भारी रोष है। अनिका शुक्ला ने कहा कि हालात इतने खराब हो गए हैं कि लोग मजबूरी में लकड़ी के चूल्हे और अंगीठी का सहारा लेने लगे हैं। गैस की कमी के कारण छोटे-छोटे खाने-पीने के व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट से जुड़े लोगों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की किल्लत और कीमतों में बढ़ोतरी के मामले में सरकार के पास न तो कोई ठोस योजना है और न ही जवाबदेही तय की गई है। कई स्थानों पर गैस सिलेंडर ब्लैक में बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे साफ है कि व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत गैस सप्लाई बढ़ाई जाए, गैस एजेंसियों को पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाए और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।




अंबाला। प्रशिक्षण में आत्मरक्षा की ट्रेनिंग लेते हुए स्टूडेंट्स।

# अम्बाला छावनी में छात्राओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

***सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता रैली निकाली***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जी.एम.एन. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक और सक्षम बनाना तथा महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान सिविल डिफेंस, अम्बाला के कंपनी कमांडर संजीव सैनी ने छात्राओं को आत्मरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में खुद की सुरक्षा करने, हमले की स्थिति में बचाव और प्रभावी तरीके से स्थिति से बाहर निकलने के उपाय सिखाए। इस प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मविश्वास और सजगता में वृद्धि हुई।

### छात्राओं नारे लगाकर लोगों को किया जागरूक

अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्राओं ने विभिन्न नारे लगाकर आमजन को बीमारी के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा पंपलेट भी वितरित किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पिंकी गुप्ता और डॉ. चंद्रपाल पुनिया का विशेष योगदान रहा। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष गीति बिंद्रा ने सिविल डिफेंस टीम और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एनएसएस इकाई के सलाहकार सदस्य राजिंदर मीरवाल ने भी सहयोग दिया।

# हिसार में 23-24 मार्च को लगेगा कृषि मेला

- किसानों को मिलेंगी उन्नत तकनीकों की जानकारी
- बागवानी, पशुपालन और मधुमक्खी पालन से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 23 व 24 मार्च को दो दिवसीय कृषि मेले का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने बताया कि मेले का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम किस्मों और उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराना है। मेले में धान, कपास, बाजरा, दलहन व तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों, कीट व रोग प्रबंधन, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य और कृषि यंत्रीकरण से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा बागवानी, पशुपालन और मधुमक्खी पालन से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। कृषि विज्ञान केंद्र अंबाला शहर की वरिष्ठ संयोजक सुनीता आहूजा ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती को लाभकारी बना सकें।

### शिवालिक क्षेत्र के गांवों के विकास को लेकर बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**अंबाला।** शिवालिक विकास एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी पूजा कुमारी ने अंबाला छावनी में वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्य योजना को लेकर ग्राम प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मोरनी, पिंजौर और नारायणगढ़ क्षेत्र के सरपंचों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में ग्रामीण विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और गांवों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके।

# राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कॉलेज का परचम, ओवरऑल ट्रॉफी पर किया कब्जा

- अश्विनीत ने उर्दू कविता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से कॉलेज में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में कॉलेज के प्रतिभागियों ने विभिन्न भाषाओं में प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। अश्विनीत ने उर्दू कविता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पारस भोला ने हिंदी कविता पाठ में पहला स्थान हासिल किया। प्रो. राजेश्वर प्रसाद 'शोख' की रचना पर विशेष पुरस्कार भी अश्विनीत के नाम रहा। वहीं, जसमीत कौर ने पंजाबी कविता पाठ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर टीम की सफलता में अहम योगदान दिया।



अंबाला। ट्रॉफी के साथ कॉलेज स्टाफ और स्टूडेंट्स।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, प्रतिभा और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में विद्यार्थियों को साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में लगातार प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रितु गुप्ता और डॉ. मनजीत कौर ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता को निखारने के साथ-साथ उन्हें साहित्य के प्रति प्रेरित करती हैं।

# रोटरी रॉयल ने मानवता की सेवा में बढ़ाया हाथ: स्वर्ग आश्रम को भेंट किया रेफ्रिजरेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

जैसे-जैसे गर्मी की तपिश बढ़ रही है, रोटरी रॉयल ने मानवता की सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक सराहनीय पहल की है। संस्था द्वारा बराड़ा रोड स्थित स्वर्ग आश्रम में अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने आने वाले शोक संतप्त परिवारों की सुविधा के लिए एक रेफ्रिजरेटर (फ्रिज) भेंट किया गया।

इसके साथ ही, तुरंत राहत के लिए संस्था की ओर से 15 बॉक्स पीने के पानी की बोतलें भी डोनेट की गईं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट जगमोहन मनचंदा (प्रधान, मारकंडेश्वर महादेव शिव मंदिर सभा) रहे। इस सेवा कार्य से प्रभावित होकर उन्होंने घोषणा की कि मंदिर सभा की ओर से प्रति माह 50 बॉक्स पेयजल दान किए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने स्वर्ग आश्रम में एक नया वाटर कूलर लगवाने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर उनके साथ विजय शर्मा, मेंबर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रोटरी रॉयल के उपप्रधान डॉ. अखिल शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आश्रम में आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए वहां कुल दो फ्रिज की आवश्यकता पड़ेगी। रोटरी रॉयल द्वारा पहला फ्रिज स्वर्ग आश्रम कमेटी को सुपुर्द कर दिया गया है और जल्द ही संस्था की ओर से एक और फ्रिज देने का आश्वासन दिया गया है।



शाहबाद। रेफ्रिजरेटर भेंट करते रोटरी रॉयल के सदस्य।

### अधिकृत कॉलोनियों में ही खरीदें सिर्फ संपत्ति

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया नें बताया कि नरवाना शहर क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है।

जिसके लिए विभाग से लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी नहीं ली गई है। उन्होंने बताया कि नरवाना मे राजस्व एस्टेट के खसरा नंबर 332//25मिनट, 345//1मिन, 346//5मिनट में यह मामला सामने आया है। जिस पर विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला नगर योजनाकार ने आम जनता से अपील की है कि इन खसरा नंबरों में प्लॉट या छोटे भूमि हिस्सों की खरीद-फरोख्त न करें।

# जरासंध ने शिशुपाल के साथ रुक्मिणी का विवाह किया तय : अनिल शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा बैरागी सभा द्वारा आयोजित सेक्टर-8 में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित श्रोताओं को कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया की विदर्भ राज्य के राजा भीष्मक के एक पुत्र और एक पुत्री थी। पुत्र का नाम रुक्मी और पुत्री का नाम रुक्मिणी था।

राजा भीष्मक अपनी पुत्री से बहुत प्रेम करते थे और उनके विवाह के लिए योग्य वर की तलाश में थे। कथा वाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि इस विषय में राजा भीष्मक के सबसे करीबी मित्र एवं महाभारत कालीन मगध राज्य के नरेश जरासंध को भी पता था। जरासंध को उस वक्त का शक्तिशाली राजा माना जाता था और ऐसा भी कहा जाता था कि जरासंध का वध कोई नहीं कर सकता है। जरासंध देवी रुक्मिणी को अपनी पुत्री जैसा ही मानते थे और इसलिए वह खुद भी रुक्मिणी के लिए योग्य वर की तलाश में थे। मगर रुक्मिणी के मन में शुरू से ही भगवान श्रीकृष्ण की छवि बसी हुई थी। बड़े-बड़े महारथी को परास्त करने वाले श्रीकृष्ण की कथा रुक्मिणी कई लोगों के मुंह से सुन चुकी थीं। देवी रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण के विषय में सुनकर ही यह तय कर लिया था कि वह उन्हीं से विवाह करेंगी।



कुरुक्षेत्र। कथा सुनाते कथावाचक अनिल शास्त्री।

# विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी लोक संस्कृति का बिखेरा जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अतुल्य भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय फोक डांस फेस्टिवल का दूसरा दिन रंग, उत्साह और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर रहा। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी पारंपरिक लोक नृत्य शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया और पूरे परिसर को लोक संस्कृति के रंगों में सराबोर कर दिया। यह भव्य सांस्कृतिक उत्सव 16 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के कोने-कोने से आए कलाकार भारत की समृद्ध लोक परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में धर्मवीर मिर्जापुर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नही बल्कि भारत की गौरवशाली परंपराओंए विविध संस्कृतियों और समृद्ध विरासत का उत्सव है। उन्होंने कहा कि भारत को विविधताओं का देश कहा जाता है, जहां हर कुछ किलोमीटर पर भाषा, खान-पान, पहनावा और परंपरा बदल जाती है लेकिन इन सबके बीच हमारी साझा भारतीय संस्कृति हमें एक सूत्र में बांधे रखती है।

### मजदूरी भुगतान में देरी पर दिए गए मुआवजे का वर्षवार ब्यौरा मांगा

# विधायक पूजा का हमला, पूछा-100 दिन का रोजगार नहीं, 125 दिन का वादा कैसे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुलाना की विधायक पूजा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार गरीब परिवारों को 100 दिन का रोजगार भी उपलब्ध नहीं करवा पा रही, जबकि 125 दिन रोजगार देने के दावे किए जा रहे हैं। विधायक पूजा ने ग्रामीण विकास मंत्री से पिछले पांच वर्षों के दौरान मनरेगा के तहत पंजीकृत सक्रिय श्रमिकों, 100 दिन का रोजगार पाने वाले श्रमिकों, बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वालों तथा मजदूरी भुगतान में देरी पर दिए गए मुआवजे का वर्षवार ब्यौरा मांगा। मंत्री द्वारा दिए गए जवाब के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में लाखों श्रमिक योजना के तहत पंजीकृत रहे, लेकिन 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले श्रमिकों की संख्या काफी कम रही।



अंबाला। विधानसभा में अपनी बात रखते हुए विधायक पूजा।

### मनरेगा में रोजगार और भत्ता देने में विफलता

वर्ष 2024-25 में 1.47 लाख से अधिक सक्रिय श्रमिकों में से केवल 2191 को ही 100 दिन का रोजगार मिला। वहीं, बीते पांच वर्षों में किसी भी श्रमिक को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया। विधायक पूजा ने कहा कि यह आंकड़े सरकार की नीतियों की विफलता को दर्शाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन गरीब परिवारों को रोजगार नहीं मिला, उन्हें बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया। ऐसे में सरकार का 125 दिन रोजगार देने का दावा पूरी तरह खोखला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को रोजगार की गारंटी देना था, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे कमजोर कर दिया है। सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ उद्योगपतियों के ऋण माफ किए जा रहे हैं, वहीं गरीबों के लिए बजट की कमी बताई जा रही है। विधायक ने मांग की कि मनरेगा योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, सभी पात्र परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए और लंबित बेरोजगारी भत्ता जल्द जारी किया जाए, ताकि गरीबों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सके।